@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Thursday, 20 November 2025 | PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 74 Pages 04 | ₹3.00

# Rajasthan Cabinet Approves New Diaspora Department, GCC Policy and Major Energy Ventures

FAIR REPORT




**Jaipur**. In a significant set of decisions aimed at strengthening global engagement, boosting investment, and expanding the state's energy footprint, the Rajasthan Cabinet chaired by Chief Minister Bhajanlal Sharma on Wednesday approved the formation of a new department for National and International Pravasi Rajasthanis, cleared the Rajasthan Global Capability Centre (GCC) Policy-2025, and sanctioned a major joint venture for thermal and solar power projects.

Deputy Chief Minister Dr. Premchand Bairwa, Industries Minister Col. Rajyavardhan Rathore, and Parliamentary Affairs Minister Jogaram Patel briefed the media on the cabinet outcomes, highlighting that the new Pravasi Rajasthani Affairs Department will act as a dedicated bridge between the diaspora and the state government. The department will facilitate policy support, grievance redressal, cultural exchange programmes, and global branding of Rajasthan. It will also operate a portal for the registration of Pravasi Rajasthani associations.

The Cabinet also approved the Rajasthan Global Capability Centre Policy-2025, aimed at positioning the state as a global innovation and services hub. The policy targets the establishment of over 200 GCCs by 2030, creating an estimated 1.5 lakh jobs. Attractive incentives under RIPS-2024—including capital investment subsidies, land cost reimbursements, payroll incentives, rental assistance, and skill development support—are expected to draw multinational companies to cities such as Jaipur, Jodhpur, and Udaipur.

In a major energy expansion move, the Cabinet sanctioned the formation of a joint venture between RVUNL and Singareni Collieries Company Ltd., with 26% and 74% shares respectively. The JV will develop an 800 MW coal-based plant in Telangana and 1,500 MW of solar projects in Rajasthan, involving a combined investment of 15,600 crore.

The meeting also approved land allocations for upcoming solar projects in Bikaner and Chittorgarh and cleared renaming proposals for two government colleges in Sirohi district to honour key donors.

## Anmol Bishnoi Sent to 11-Day NIA Custody After Deportation from the U.S.



FAIR REPORT

**New Delhi**. A Delhi Patiala House Court on Monday sent Anmol Bishnoi, brother of jailed gangster Lawrence Bishnoi, to 11 days of NIA custody after he was deported from the United States and brought back to India. The National Investigation Agency arrested him immediately upon arrival, citing his alleged involvement in several high-profile criminal cases.

According to officials, Anmol had been living abroad for years before U.S. authorities deported him earlier this week. Once he landed in India, the NIA took charge of his custody as part of ongoing investigations into multiple organised crime and terror-linked activities.

Anmol Bishnoi is accused of being involved in the murder conspiracy of NCP leader Baba Siddique, in addition to several other serious offences connected to extortion networks and gangland operations allegedly directed from overseas. Investigators believe Anmol played a crucial role in coordinating operations for the Bishnoi syndicate while staying outside India.

The NIA is expected to interrogate him extensively over the next 11 days to establish his role in cross-border criminal activities, funding channels, and his communication with gang members located both in India and abroad. The agency is also examining digital evidence and international linkages tied to recent cases.

This marks a major breakthrough for Indian law enforcement amid an intensified crackdown on transnational criminal networks operating beyond the country's borders.

## Udaipur to Host High-Profile U.S. Billionaire Wedding; Trump Jr. to Attend with Family

FAIR REPORT

**Udaipur.** The lake city is set to dazzle once again as it prepares to host another grand royal-style destination wedding. This time, the son of a U.S. billionaire is tying the knot with American bride Elizabeth, and the event will see the arrival of Donald Trump Jr., who is visiting Udaipur for the first time with his family. Scheduled for 21–22 November, the celebrations will take place at the iconic Jagmandir Palace and Manek Chowk of the City Palace, both being decked up for the event. Trump Jr. will stay at the luxurious Leela Palace on Lake Pichola, where U.S. Secret Service teams have already reached to oversee security. Udaipur's Dabok Airport is preparing for a surge of chartered flights, with strict surveillance and tightened security arrangements.

This marks Trump Jr.'s second visit to India, the first being in 2018, a trip that stirred controversy in the U.S. over the expenditure of nearly $100,000 on Secret Service protection and associated logistics. The Trump Organization continues to operate multiple real estate projects across India. The city's VIP movement will escalate further as Sikkim Governor O.P. Mathur's granddaughter is set to marry on 22 November in Ranakpur, with Home Minister Amit Shah, several chief ministers, governors, and MPs expected to arrive via Udaipur. Udaipur has entered peak wedding season, with 575 luxury weddings scheduled between November 2025 and February 2026. The industry is projected to generate 1,150 crore, with an average royal wedding costing 2 crore. Kumbhalgarh, too, is emerging as a strong destination wedding hub alongside Udaipur. The city's reputation as India's premier wedding destination dates back to 2004, when actress Raveena Tandon's Jagmandir wedding set the trend, later followed by several high-profile celebrity ceremonies.

## Debate Intensifies Over Temple Administration After Viral Incident Sparks Outrage

FAIR REPORT

**New Delhi:** A fresh controversy has erupted over the management of Hindu temples after a viral social media post alleged mistreatment of devotees during a major pilgrimage. The incident, which drew sharp reactions online, has reignited the long-standing debate on state control of Hindu religious institutions, their land, and revenue.

The post, shared widely across platforms, criticised the manner in which pilgrims were handled, arguing that devotees were being subjected to "mismanagement and disregard" at one of the holiest sites. It also referenced historian Dr. Vikram Sampath, who had earlier warned about the deteriorating state of Hindu religious freedoms. While Sampath had remarked that "the fate of Hindus will soon be like lambs being quietly led to their slaughter," the circulating post countered the sentiment, stating that "the lambs are bleating"—implying growing vocal resistance among devotees.

The controversy has triggered renewed questions about the legal and administrative framework under which temples in several Indian states are controlled by government bodies. Critics argue that state management leads to bureaucratic inefficiencies, diversion of temple revenue, and insufficient attention to pilgrim facilities. Supporters of government oversight, however, claim it ensures transparency, prevents misappropriation, and protects heritage structures.

As demands for "freeing temples from state control" gain momentum among some groups, the latest incident has amplified calls for reform. Officials have yet to issue a formal response on the specific allegations, but religious bodies and civil rights groups have urged authorities to address the concerns with urgency and sensitivity.

## Centre Approves Rajasthan's PSS–MIS Proposals, Paving Way for Record Procurement of Four Kharif Crops

FAIR REPORT

**Jaipur**. In a major policy boost aimed at safeguarding farmers against market volatility, the Central Government has approved Rajasthan's proposals under the Price Support Scheme (PSS) and Market Intervention Scheme (MIS) for the 2025–26 Kharif season. Chief Minister Bhajanlal Sharma expressed gratitude to Prime Minister Narendra Modi and Union Agriculture Minister Shivraj Singh Chouhan for the decision, calling it one of the largest procurement initiatives in the country.

Under the approved proposals, the Centre will ensure procurement of moong, urad, groundnut and soybean at Minimum Support Price (MSP) worth approximately 9,436 crore.



The move is expected to provide direct income protection to thousands of farmers across the state. The procurement process will incorporate POS-based Aadhaar authentication and Direct Benefit Transfer (DBT) to ensure transparent and timely payments.

Chief Minister Sharma said the approval reflects the "unwavering commitment" of the double-engine government to strengthen the economic position of the state's farmers. He added that guaranteeing MSP for key crops protects farmers from unpredictable market conditions and reinforces the government's long-term agenda of agricultural empowerment.

According to official data, the Centre has approved procurement of 3,05,750 metric tonnes of moong, 1,68,000 metric tonnes of urad (100%), 5,54,750 metric tonnes of groundnut, and 2,65,750 metric tonnes of soybean. These quantities represent one of the highest levels of sanctioned procurement for Rajasthan in recent years.

The state government described the decision as a "historic step" that will provide robust income security and reduce financial stress for cultivators, particularly during price fluctuations in the open market.

# Supreme Court Questions Validity of 'Talaq-e-Hasan,' Signals Possibility of Striking Down the Practice

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Supreme Court on Monday strongly criticised the practice of 'talaq-e-hasan', questioning how such a system continues to operate in modern society and indicating that it may consider striking it down. The remarks came during the hearing of a petition challenging the constitutionality of the practice.

Expressing displeasure, the bench asked, "What kind of practice is this? How can you justify it in 2025? How is this allowed in a modern, civil society?" The court observed that unilateral divorce procedures that disproportionately impact women cannot be permitted to exist without scrutiny.



Talaq-e-hasan allows a Muslim man to divorce his wife by pronouncing "talaq" once a month over three months. Critics argue that although less abrupt than instant triple talaq, the method still gives unilateral power to the husband, leaving the wife with limited legal remedies. The bench questioned whether a progressive, rights-based society can accept a system that appears discriminatory. It noted that marital rights cannot be governed by practices that fail the test of equality, dignity and constitutional morality.

The Supreme Court also hinted that if required, it may step in to introduce corrective measures. The bench told the petitioner's counsel that the judiciary is empowered to intervene when a practice causes structural harm and violates fundamental rights. This development comes years after the court outlawed instant triple talaq in 2017. The fresh observations signal that the judiciary may be prepared to evaluate other unilateral divorce practices through the lens of gender justice and constitutional values.







## राज्य स्तरीय घूमर फेस्टिवल-2025 का आयोजन, डिप्टी सीएम दीया ने नगाड़ा बजाकर की शुरुआत



# 6100 महिलाओं का ग्रुप डांस

**जयपुर।** गुजरात के गरबा की तरह राजस्थान के घूमर की विश्व पटल पर पहचान बनाने के लिए घूमर फेस्टिवल-2025 का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री और पर्यटन-कला मंत्री दीया कुमारी की पहल पर राजस्थान टूरिज्म डिपार्टमेंट ने सातों संभाग में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने नगाड़ा बजाकर घूमर महोत्सव की शुरुआत की। विद्याधर नगर स्टेडियम में बुधवार शाम को 4:30 बजे से शुरू हुआ। घूमर महोत्सव में प्रदेशभर में एक साथ 6100 महिलाओं ने घूमर किया। एक साथ इतनी महिलाओं का घूमर नृत्य एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से सर्टिफिकेट दिया गया। जयपुर में करीब 1500 महिलाओं ने घूमर किया। इस दौरान तलवारबाजी संघ से जुड़ी बच्चियों ने घूमर के साथ तलवारबाजी भी की। अजमेर में 300 महिलाओं ने एक साथ घूमर नृत्य किया। यहां एक महिला 50 लाख के गहने पहनकर घूमर करने पहुंची। महिला ने सिर से पैर तक ज्वेलरी पहनी थी।



### सीएमओ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक, हुए कई बड़े फैसले

# प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग विभाग, GCC पॉलिसी को मंजूरी



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रवासी राजस्थानियों के लिए भजनलाल सरकार ने बड़ा एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग से विभाग बनेगा। सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला हुआ।

पर्यटन विभाग अन्य राज्य और देश के बाहर रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों के लिए काम करेगा। इसके अलावा राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी-2025 का अनुमोदन भी किया गया। इसके तहत 200 से ज्यादा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) खोले जाएंगे। इससे करीब 1.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरवीयूएनएल और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के मध्य ज्वाइंट वेंचर कंपनी के गठन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए।

### मातृभूमि से और मजबूत होगा जुड़ाव

कर्नल राठौड़ ने बताया कि 'राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' प्रवासी राजस्थानियों और राज्य सरकार के बीच संवाद एवं सहयोग के लिए एक सशक्त मंच होगा, जिससे प्रवासियों का अपनी मातृभूमि से जुड़ाव और मजबूत होगा। यह विभाग विश्व पटल पर ब्रांड राजस्थान को प्रोत्साहित करने का कार्य भी करेगा। विभाग प्रवासी राजस्थानियों को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने और उनके विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए नीतिगत ढांचा उपलब्ध कराएगा। साथ ही, प्रवासी राजस्थानी दिवस, प्रवासी राजस्थानी सम्मान समारोह तथा प्रवासी राजस्थानियों के लिए एक्सचेंज कार्यक्रमों का आयोजन भी करेगा। प्रवासी राजस्थानी एसोसिएशन के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल का संचालन भी इस विभाग द्वारा किया जाएगा।

### सौर ऊर्जा के लिए भूमि सशर्त आवंटित

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए बीकानेर जिले की पूगल तहसील के ग्राम करणीसर, भाटियान में 161.45 हैक्टेयर भूमि एवं चित्तौड़गढ़ जिले की रावतभाटा तहसील के ग्राम खरनाई में 356.25 हैक्टेयर भूमि को सशर्त कीमत पर आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की है। पॉवरग्रिड बाड़मेर-1 ट्रांसमिशन लिमिटेड को 765 केवी सबस्टेशन की स्थापना के लिए बाड़मेर के सोखरू में 70.6 हैक्टेयर भूमि आवंटित करने का निर्णय भी लिया गया है।

### राजस्थान ग्लोबल एक्सीलेंस हब होगा

राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी-2025 का उद्देश्य जीसीसी की स्थापना एवं विस्तार से राजस्थान को वैश्विक नवाचार एवं निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह नीति वर्ष 2030 तक राजस्थान में 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करने, 1.5 लाख रोजगार सृजित करने तथा देश के 100 अरब डॉलर के जीसीसी बाजार में महत्वपूर्ण योगदान देने के लक्ष्य पर आधारित है। इस नीति से जयपुर, उदयपुर, जोधपुर जैसे शहरों को जीसीसी हब के रूप में विकसित करेगी।

# किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त खातों में हस्तांतरित

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' के अवसर पर बुधवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी गई। इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा में राज्य स्तरीय और सभी जिलों में भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के 66 लाख 62 हजार किसानों को खातों में 1 हजार 332 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि अगले महीने हम पॉलिसी ला रहे हैं। जिसमें किसान के बेटे को आगे बढाने पर फोकस होगा।



सीएम ने आगे कहा कि 2027 में प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि आज किसान से लेकर हर व्यक्ति के खाते में राशि सीधे हस्तांतरित की जा रही है। जबकि कांग्रेस सरकार में 'कट मनी' होती थी। सहकारिता को भी भ्रष्टाचार का अड्डा बना लिया था, लेकिन भाजपा सरकार में हर व्यक्ति को सीधा और पूरा लाभ मिल रहा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, मजदूर, माता-बहनें और युवा जब आगे बढ़ेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा। इस संकल्प के साथ पीएम मोदी काम कर रहे हैं। जब प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि शुरू की, तब कांग्रेस के नेता कहते थे कि यह चुनावी घोषणा है। लेकिन आज यह 21वीं किस्त है। यह कोई किस्त वितरण समारोह नहीं है, बल्कि हमारी किसानों के प्रति प्रतिबद्धता है, जो बताता है कि सरकार किस तरह से किसानों के लिए काम करना चाहती है। पीएम मोदी ने किसानों से किया हर वादा पूरा किया है। सीएम ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में कांग्रेस ने जमकर भ्रष्टाचार किया।

### राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन आज होगा

**जयपुर।** राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन 2025 का आयोजन शुक्रवार को आरपीए में होगा। इसमें जयपुर मुख्यालय पर पदस्थ आईपीएस, आरपीएस अधिकारी व्यक्तिगत तथा अन्य रेंजों, जिलों के अधिकारी ऑनलाइन जुड़ेगे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक आरपीए संजीब नर्जारी के अनुसार चार सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा। वहीं सम्मेलन में राज्य की पुलिसिंग को उत्कृष्ट बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और भविष्य की चुनौतियों का समाधान खोजने पर चर्चा होगी। पहले सत्र में नए क्रिमिनल लॉ पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## खिलाड़ियों के होटल का पेमेंट नहीं, 2 करोड़ से ज्यादा अटके

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

आरसीए एडहॉक कमेटी के भीतर बढ़ती गुटबाजी और बैंक खातों से भुगतान रुक जाने से खिलाड़ियों, जिला क्रिकेट संघों और ट्रैवल वेंडर्स की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि रणजी और अंडर-23 टीमों को ठहराने वाले होटल संचालकों ने कहा कि वे खिलाड़ियों को चेक-आउट नहीं करने देंगे।

सूत्रों के अनुसार, एडहॉक कमेटी पिछले लंबे समय से खिलाड़ियों की होटल बुकिंग, ट्रैवल टिकट और ड्रेस किट का भुगतान नहीं कर पाई है। अहमदाबाद और नाथद्वारा के कई होटल, जहां रणजी और अंडर-23 टीमें ठहरी हुई हैं, वहां होटल संचालकों ने 20 नवंबर तक बकाया राशि जमा नहीं होने पर खिलाड़ियों को चेक आउट नहीं करने की चेतावनी दे दी है। इससे देशभर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित डोमेस्टिक क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जाने वाली राजस्थान की पुरुष और महिला टीमों को ठहराने की व्यवस्था अटक गई है। कुछ होटल संचालकों ने तो खिलाड़ियों को नए सिरे से रुकने देने से भी इनकार कर दिया है।


## ब्रीफ खबरें

### चार साल से अटके बीमा क्लेम के 88 करोड़, 27 को बड़ा आंदोलन



**जयपुर।** राजस्थान के सांचौर और चितलवाना इलाके के किसान पिछले चार साल से अपनी हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। फसल बीमा क्लेम और आदान अनुदान की राशि न मिलने से हजारों किसान परेशान हैं। उन्होंने कई बार धरना दिया प्रदर्शन किया अधिकारियों को चिट्ठियां लिखीं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब किसान फिर से 27 नवंबर को बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में हैं। किसानों ने रिलायंस बीमा कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने तीन साल के दौरान छह बार प्रीमियम की रकम वसूली लेकिन जब फसल खराब हुई तो क्लेम देने से मुकर गई। किसानों का कहना है कि करीब 88 करोड़ रुपये का फसल बीमा क्लेम पिछले चार साल से लंबित है। यह पैसा 2022 से बकाया है लेकिन बीमा कंपनी ने अब तक एक फूटी कौड़ी भी नहीं दी। किसानों ने बताया कि खराब मौसम और सूखे से फसलें बर्बाद हो गईं लेकिन कंपनी ने सर्वे के नाम पर सिर्फ कागजी काम किया और फाइलें दबा लीं। इससे किसानों की कमर टूट गई है। खेती के लिए बीज उर्वरक और पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो गया है। कई किसान कर्ज में डूब चुके हैं और परिवार चलाना चुनौती बन गया है।

### रोजगार पर फूट रहा गुस्सा, छात्र बांसवाड़ा में करेंगे 'हुंकार रैली'



**जयपुर।** राजस्थान के युवाओं में रोजगार और नौकरी के लिए सब्र का बांध टूट रहा है। युवाओं में बेरोजगारी से परेशान और रोजगार को लेकर सैकड़ों सवाल है। बांसवाड़ा में युवाओं ने बेरोजगारी और अन्य समस्याओं के खिलाफ 'बेरोजगार हुंकार रैली' करेंगे। बताया जा रहा है कि बांसवारा के गोविंद गुरु कॉलेज परिसर में बुधवार दोपहर बेरोजगार यूनियन संघ के पदाधिकारियों ने टीएसपी क्षेत्र की 12 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर आगामी 'बेरोजगार हुंकार रैली' के पोस्टर का विमोचन किया। आदिवासी उप-योजना क्षेत्र से जुड़े युवाओं की प्रमुख मांगों में जनसंख्या के अनुपात में 73% आरक्षण, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इन मांगों को लेकर 25 नवंबर 2025 को उपाध्याय पार्क, बांसवाड़ा में विशाल रैली एवं जनसभा का आयोजन किया जाएगा।

### तहसीलदार-SDO ने हड़पी सौ करोड़ की सरकारी जमीन!

**जयपुर।** जालोर की आहोर नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को हड़पने का एक बड़ा और सनसनीखेज घोटाला सामने आया है। इस मामले में नगरपालिका प्रशासन, राजस्व अधिकारियों और भूमाफियाओं की मिलीभगत का आरोप है। शिवसेना के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित ने जयपुर में एसीबी को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार, विवादित भूमि खसरा संख्या 313, 314 और 316 की है, जो वर्ष 1977 में दानपत्र के माध्यम से नगरपालिका को ट्रांसफर की गई थी। मूल रूप से यह रकबा 11 बीघा 19 बिस्वा था। आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करके इस भूमि का क्षेत्रफल अवैध रूप से बढ़ाकर लगभग 19 बीघा कर दिया गया। इसी हेराफेरी के आधार पर नगरपालिका की लगभग 8 बीघा अतिरिक्त भूमि निजी व्यक्तियों को हस्तांतरित कर दी गई।

### पीसीसी में इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, मीडिया से बातचीत में चुनाव आयोग पर लगाया आरोप

# राहुल गांधी अकेला क्या करेगा, जनता को आगे आना होगा

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) को लेकर हो रहे विवादों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा- पूरे देश में एसआईआर को लेकर विवाद हो रहे हैं, यह स्थिति क्यों बनी। यह स्थिति चुनाव आयोग की बेवकूफी की वजह से बनी। इसमें कहने में संदेह नहीं होना चाहिए। उनकी नीयत शुरू से ही खराब है, उनकी भाजपा और सरकार से मिलीभगत है। गहलोत ने कहा- एसआईआर पर विवाद हो रहे हैं। पूरे देश में मुद्दा बना हुआ है, इसमें निर्वाचन आयोग की गलती है। जानबूझकर कन्ट्रोवर्सी पैदा कर रहे हैं। देश में ऐसा माहौल बनाने लग गया कि चुनाव आयोग पर लोगों को संदेह होने लग गया। गहलोत जयपुर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में इंदिरा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।



गहलोत ने कहा- बिहार में धनबल के दम पर चुनाव जीता गया। बीच चुनाव महिलाओं के खातों में 10-10 हजार डाले जा रहे थे, चुनाव आयोग ने रोक नहीं लगाई। उन्होंने कहा- राहुल गांधी अकेला क्या करेगा, वह तो नेता प्रतिपक्ष होने के नाते बोल सकता है, जनता को आगे आना पड़ेगा। जनता को सड़कों पर आना पड़ेगा, क्योंकि हम लोग अहिंसा वाले लोग हैं। ये लोग तो हिंसा में विश्वास करते हैं, इनका विश्वास हिंसा में है। हमारा विश्वास अहिंसा में है। हमारा तरीका अलग है।

### सभी राजनीतिक दलों को बुलाकर विश्वास में लेकर करना था SIR

गहलोत ने कहा- चुनाव आयोग अगर सभी राजनीतिक दलों को बुलाकर विश्वास में लेकर एसआईआर करता तो यह स्थिति नहीं बनती। सब दलों को बुलाकर कहते कि पारदर्शी तरीके से वाटर लिस्ट बनेगी, कोई फर्जी नाम नहीं होगा, कोई सही व्यक्ति नहीं छूटेगा तो विवाद की कोई बात ही नहीं थी। सब दलों को विश्वास में लिए बिना बिहार चुनाव से ठीक पहले एसआईआर शुरू किया। राहुल गांधी ने मेहनत करके गड़बड़ी के सबूत दिए तो उल्टे उनसे ही एफिडेविट मांगा गया। होना यह चाहिए था कि चुनाव आयोग जांच करवाता और फिर बयान देता।अभी तीन आत्महत्या हो गई, बंगाल में तो एसआईआर के चलते 20 लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं। यह स्थिति क्यों बनी? यह स्थिति चुनाव आयोग की बेवकूफी से बनी, यह कहने में हमें संकोच नहीं होना चाहिए। अभी तो डाउट यही है। जिस तरह मुख्य निर्वाचन आयुक्त का व्यवहार है, उससे लगता है कि उनकी नीयत ठीक नहीं है।

## ब्रीफ खबरें

### हाईवे पर कार रेलिंग से जा टकराई, ड्राइवर की मौत, पांच जने घायल




**जालोर।** जिले में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। गुजरात से धार्मिक दर्शन के लिए निकले छह युवकों की कार तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई। यह घटना इतनी भयावह थी कि सड़क किनारे की लोहे की रेलिंग कार को चीरते हुए सीधे ड्राइवर के शरीर में घुस गई। इस हादसे में ड्राइवर की जान चली गई जबकि उसके पांच साथी चमत्कारिक रूप से बच गए। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा रफ्तार और सड़क की स्थिति के कारण हुआ। यह घटना बागोड़ा थाना इलाके में गांवड़ी गांव के नजदीक हुई। सुबह करीब साढ़े चार से पांच बजे के बीच जब अंधेरा अभी पूरी तरह छंटा नहीं था। गुजरात के जामनगर से रामदेवरा मंदिर दर्शन के लिए निकले ये छह दोस्त कार में सवार थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और वाहन को जब्त कर लिया। एएसआई नरसाराम ने बताया कि एक्सप्रेस-वे की एक लेन मरम्मत के कारण बंद थी। इस वजह से सभी वाहनों को दूसरी लेन पर मोड़ा जा रहा था। इसी दौरान कार दूसरी लेन पर चढ़ते वक्त संतुलन खो बैठी और सीधे सड़क किनारे की मजबूत लोहे की रेलिंग से जा टकराई। टक्कर की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि रेलिंग कार के इंजन को काटते हुए ड्राइवर की सीट तक पहुंच गई जिससे ड्राइवर की मौत हो गई।

### 10वीं पास डाक्टर कर रहा था इलाज, बीसीएमओ ने क्लिनिक किया सीज



**उदयपुर।** उदयपुर के मादडी छापर में 10वीं पास डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहा था। झोलाझाप डॉक्टर ने सायरा के परदाडा में मादडी छापर स्थित चांदसी क्लिनिक खोल रखा था। क्लिनिक पर बुधवार को गोगुंदा बीसीएमओ डॉ. दिनेश मीणा ने छापा मारा। तब झोलाछाप डॉक्टर का भांडाफोड़ हुआ। उसके पास मेडिकल की कोई डिग्री नहीं मिली। मामला की जानकारी पर डॉ. मीणा ने झोलाछाप संतु कुमार से सख्ताई से पूछताछ की। तब उसने बताया कि वह 10वीं तक पढ़ा है। उसके पास कोई मेडिकल डिग्री नहीं है। ये सुनकर बीसीएमओ खुद चौक गए। उन्होंने क्लिनिक सीज कर दिया और सायरा थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। झोलाछाप को पुलिस ने हिरासत में लिया है। डॉ. मीणा ने बताया- वे चांदसी क्लिनिक पर निरीक्षण पहुंचे थे। टीम को देखकर मरीज भाग गए। क्लिनिक संचालक अचानक सकपका गया और सही से जबाव नहीं दे पाया। कार्रवाई की भनक लगने पर आस-पास संचालित झोलाछाप भी क्लिनिक बंद कर फरार हो गए।

### अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी ने संभाला मोर्चा, ग्रैंड वेडिंग में शामिल होंगे ट्रंप जूनियर!





**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर एक बार फिर ग्लोबल डेस्टिनेशन वेडिंग की गवाह बनने जा रही है, लेकिन इस बार मेहमानों की लिस्ट में एक बेहद हाई-प्रोफाइल नाम शामिल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे, डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के इस शादी में शामिल होने के लिए उदयपुर आ सकते हैं। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप जूनियर को अमेरिका की वीआईपी सुरक्षा प्राप्त है। उनके संभावित आगमन को देखते हुए, एक अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी की टीम पहले ही उदयपुर पहुंच चुकी है और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है। यह शाही शादी 21 और 22 नवंबर को होने वाली है। यह विवाह समारोह एक अमेरिकी बिजनेसमैन के बेटे और अमेरिकी दुल्हन के बीच संपन्न होगा। यह जोड़ा और उनका परिवार अप्रवासी भारतीय मूल का है, जिसके संबंध अंतरराष्ट्रीय व्यापार और राजनीति से हैं। शादी का मुख्य समारोह उदयपुर के सबसे प्रतिष्ठित और भव्य स्थान लेक पिचोला के बीच स्थित जग मंदिर पैलेस में होगा। जानकारी के अनुसार शादी से जुड़े अन्य कार्यक्रम दो दिनों तक सिटी पैलेस के भीतर स्थित ऐतिहासिक मानेक चौक में आयोजित किए जाएंगे। अमेरिकी वीआईपी मेहमान के चलते, उदयपुर पुलिस और प्रशासन ने सिटी पैलेस और जग मंदिर के आसपास विशेष सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है।

### ट्रेनिंग के दौरान हुआ प्लेन हादसा, एयरक्रॉफ्ट का बिगड़ा संतुलन



**अजमेर।** किशनगढ़ के फ्लाइंग इंस्टीट्यूट अव्याना एविएशन ट्रेनिंग स्कूल में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां प्रशिक्षण उड़ान पर निकला एक छोटा एयरक्राफ्ट लैंडिंग के दौरान अचानक असंतुलित होकर रनवे से बाहर घास वाले हिस्से में पहुंच गया। हादसे के समय प्लेन में एक लड़की मौजूद थी, जो सुरक्षित है। एविएशन विभाग मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दोपहर एयरक्राफ्ट लैंडिंग करते समय करीब पौने 1 बजे लेजर लाइट्स की टक्कर से असंतुलित हो गया। जैसे ही विमान रन-वे से फिसलकर घास की तरफ गया, ट्रेनी पायलट ने तुरंत इमरजेंसी प्रक्रिया अपनाई, और बाहर निकल गईं। हादसे में विमान को हल्का नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी को चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट अथॉरिटी और ट्रेनिंग स्कूल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच में यह सामने आया कि लैंडिंग एप्रोच के दौरान एयरक्राफ्ट का बैलेंस बिगड़ा, जिसके बाद घास में उलट गया। यह किस कारण से हुआ, इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 24 नवंबर को चित्तौड़गढ़ पहुंचेगी 'गंगा प्रवाह यूनिटी मार्च यात्रा

# जनप्रतिनिधियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा, समितियों का गठन

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही 'गंगा प्रवाह यूनिटी मार्च' आगामी 24 नवंबर को चित्तौड़गढ़ पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत एवं तैयारियो को लेकर बुधवार को एक निजी रिसोर्ट में भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, सांसद सी.पी. जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुन लाल जीनगर, चन्द्रभान सिंह आक्या, सुरेश धाकड़, जिला महामंत्री रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद, श्रवण सिंह राव, जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, गौरव त्यागी, मनोज पारीक, अशोक जाट, शैलेन्द्र झंवर, ओमप्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकलने वाली यह यात्रा पूरे राष्ट्र को एकता, संकल्प और समर्पण का संदेश दे रही है। सांसद सी पी जोशी ने कहा कि

चित्तौड़गढ़ की वीरभूमि पर इस ऐतिहासिक यात्रा का स्वागत एतिहासिक अनुकरणीय होना चाहिए जिसके लिए पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुन लाल जीनगर, चन्द्रभान सिंह आक्या, सुरेश धाकड़ ने कहा कि यात्रा के रूट सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत स्थानीय सहभागिता और व्यवस्था उत्कृष्ट स्तर की रहे, यह यात्रा युवाओं और समाज को राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश देगी जिले की पहचान को और भी गौरव प्रदान करेगी। यात्रा के संपूर्ण संचालन प्रभारी जिला महामंत्री रघु शर्मा ने बैठक में यात्रा की रूपरेखा, दिनभर की गतिविधियों और तैयारियों का विस्तार से जानकारी दी। यात्रा को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने, बसों के आगमन, पार्किंग, व्यवस्था, भोजन, सुरक्षा, प्रोटोकॉल, मीडिया कवरेज और जनसंपर्क त्वरित क्रियान्वयन यात्रा के समन्वय को समयबद्ध रखने और व्यवस्था के लिए यात्रा प्रभारी एवं समन्वयक जिला महामंत्री रघु शर्मा, स्वागत एवं प्रोटोकॉल जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद, बस आगमन एवं पार्किंग व्यवस्था जिला सह कोषाध्यक्ष सूर्यपाल सिंह गौड़, ठहराव एवं भोजन व्यवस्था सांवलिया जी मन्दिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, यात्रा गतिविधि जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, मीडिया समन्वय एवं प्रचार जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक, स्थानीय जनसंपर्क व सहभागिता मंडल अध्यक्ष राकेश लड्ढा,

सुरक्षा प्रबंधन पवन तिवारी, फोटोग्राफी एवं रिपोर्टिंग जिला आईटी संयोजक नंदकिशोर लोहार को जिम्मेदारी सौंपी गई ।

## इंदिरा गांधी जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठी में याद किए योगदान

FAIR REPORT




**चित्तौड़गढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। जिला अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में जिला अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत और जिला संगठन महासचिव महेंद्र शर्मा ने इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और उनके ऐतिहासिक फैसलों पर विस्तृत चर्चा की। नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी का पूरा जीवन राष्ट्रहित को समर्पित रहा। मात्र 13 वर्ष की उम्र में वानर सेना का गठन कर आजादी की लड़ाई में उतर जाना, विवाह के कुछ ही समय बाद 9 महीने का कारावास भोगना—उनकी देशभक्ति का प्रमाण है।

नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद इंदिरा गांधी ने 1969 में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर आमजन के लिए बैंकिंग के दरवाजे खोल दिए। 1971 में उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने 90 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण कराया और एक नए देश—बांग्लादेश—का निर्माण हुआ। उसी वर्ष प्रिवी पर्स व विशेषाधिकार समाप्त कर रियासतों के एकीकरण को अंतिम रूप दिया। 'गरीबी हटाओ' के नारे के तहत कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए किए गए कार्य आज भी उन्हें यादगार बनाते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम प्रकाश मुंद्रड़ा, करण सिंह सांखला, सेवा दल के राष्ट्रीय सचिव पीयूष त्रिवेदी, पीसीसी सचिव रणजीत लोट, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह जाड़ावत, गोविंद शर्मा, कमल गुर्जर, प्रमोद तंवर, अंबालाल शर्मा, शंभू सुथार, गणेश जाटोलिया, पूर्व उपसभापति कैलाश कुमार, प्रवक्ता राजेश सोनी, सचिव शंकर सेन, नीतू कंवर भाटी, कन्हैयालाल वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## विधायक आक्या ने मुख्यमंत्री से मुलाकात, अतिवृष्टि मुआवजा व विकास कार्यों पर की विस्तृत चर्चा



FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने मंगलवार को अपने जयपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बिहार चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएँ दीं। आक्या ने कहा कि इस विजय से जनता का विश्वास एक बार फिर विकास और सुशासन की तरफ बढ़ा है। उन्होंने हाल ही में चित्तौड़गढ़ और बस्सी तहसील के कई गांवों में अतिवृष्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से रखते हुए घोषित मुआवज़े के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

विधायक ने क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित विकास योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सड़कों, जल संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण बुनियादी ढाँचे से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति और जरूरतों की जानकारी देते हुए क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएँ मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। आक्या ने कहा कि चित्तौड़गढ़ के विकास को तेज़ रफ्तार देने के लिए सरकार से निरंतर सहयोग अपेक्षित है, ताकि हर गांव और हर वार्ड में योजनाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुंच सके।

## बजरंग व्यायाम शाला का शिलान्यास : 29.20 लाख की लागत से होगा निर्माण

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** नवंबर श्री देवनारायण मंदिर परिसर नोबल स्कूल के पास आज सांसद सीपी जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, हर्षवर्धन सिंह रूद, नगर अध्यक्ष सागर सोनी, गौरव त्यागी, अनिल ईनाणी, शैलेंद्र झंवर, ओम प्रकाश शर्मा, इंद्रा सुखवाल, अल्का चतुर्वेदी, हरीश गुरनानी के आतिथ्य में बजरंग व्यायाम शाला का शिलान्यास हुआ। नगर परिषद चित्तौड़गढ़ द्वारा 29 लाख 20 हजार रुपए में व्यायाम शाला का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कमी नहीं आने दी जाएगी तथा विधायक ने कहा कि क्षेत्र में कई विकास कार्य चल रहे हैं बाकी कार्य भी अति शीघ्र शुरू करवाए जाएंगे। क्षेत्रीय पार्षद छोटू सिंह शेखावत ने कहा कि 5 साल कांग्रेस राज में क्षेत्र में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं एवं कांग्रेसी बोर्ड में 25 करोड़ का भ्रष्टाचार की वजह से पालिका पर कर्जा हो गया था, अब कई विकास कार्य क्षेत्र में हो रहे हैं। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने देवनारायण भगवान के दर्शन किए, फिर शिलान्यास किया। नगर अध्यक्ष सागर सोनी ने भाजपा शासन में हुए निर्माण कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में श्री देवनारायण सार्वजनिक ट्रस्ट के सदस्य, समस्त ब्राह्मण समाज समिति सदस्य, श्री महाराणा कुंभा सेवा संस्थान के सदस्य, हरिवंश कीर समाज समिति के सदस्य, श्री देव सेवा संस्थान के सदस्यों सहित करणी माता का खेड़ा, मीठा राम जी का खेड़ा एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छोटू सिंह शेखावत, शांतिलाल, नारायण गुर्जर, शंकरलाल कीर, रामबक्ष कीर, राजेंद्र सिंह, देवीलाल गुर्जर, रतन गेन्दर, काशीराम, प्रदीप सिंह, संपत सिंह, देवेंद्र पाल सिंह, देवाराम, भेरूलाल, मनोहर शर्मा, राजेंद्र पालीवाल, शंकर सिंह, भगवानलाल, देवकिशन, दीपक कीर, श्यामलाल, कन्हैयालाल, अंबालाल, जय किशन, ओमप्रकाश, लक्ष्मणलाल, बक्शुराम, रतनलाल, फतेह सिंह, लादू कीर, प्रेमशंकर, रवि शर्मा, केशु कीर, आशीष शर्मा, महेंद्र सिंह, सोनू शेखावत, हरदयाल सिंह, भगवत सिंह, कानेश याज्ञिक, भेरूलाल सांखला, मदन त्रिपाठी आदि क्षेत्रवासियों सहित नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव : ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल समापन

# ड्रीम 11 क्रिकेट टीम करेगी प्रतियोगिता में निम्बाहेड़ा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व

FAIR REPORT




**निम्बाहेड़ा।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। फाइनल मुकाबला महादेव क्रिकेट क्लब एवं ड्रीम 11 क्रिकेट टीम के मध्य खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए ड्रीम 11 टीम विजेता बनी। इसके साथ ही ड्रीम 11 क्रिकेट टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में निम्बाहेड़ा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नौलखा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमताओं को बढ़ाते हैं बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन युवा पीढ़ी को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए जिले में खेल संस्कृति को और मजबूत बनाने की बात कही।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा संयोजक एवं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि निम्बाहेड़ा के युवा खेलों के प्रति लगातार उत्साह दिखा रहे हैं। ऐसी प्रतियोगिताएँ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान मंच देकर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, शारीरिक शिक्षकों एवं आयोजन टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

विशिष्ट अतिथियों में भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महामंत्री नीलेश मेहता, कमलेश बुनकर, विकास साहू सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेता ड्रीम 11 टीम एवं उपविजेता महादेव क्रिकेट क्लब को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह के अंत में अतिथियों द्वारा सांसद खेल महोत्सव में विशेष योगदान देने वाले शारीरिक शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर बैठकर अभिनंदन किया गया। इस सम्मान ने शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

सांसद खेल महोत्सव के नगर संयोजक अतुल सोनी ने समापन सत्र में अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

## Special Intensive Revision-2026

# Team Reaches Industrial Colonies; Voter Help Camps Organised in Urban Areas

FAIR REPORT



**Chittorgarh.** Under the Special Intensive Revision Programme-2026, a large campaign is being conducted to make the voter list more accurate, transparent and updated. In this sequence, Electoral Registration Officer (ERO) Chittorgarh, Binu Deval, inspected various industrial colonies and rural areas of the assembly constituency. He interacted with eligible voters living in the colonies, explained the process of filling Form SIR, and solved their queries on the spot. ERO Deval also discussed with the management of industrial units and requested them to motivate their staff to fill the forms themselves and extend full support to BLOs. ERO Deval said that door-to-door information is being collected to update the voter list and make it error-free, for which public support is very important. He appealed to residents to provide required SIR-related information to BLOs and participate actively in the revision process. Booth Level Officers of the concerned areas were also present and guided people about filling forms, adding new voters and making necessary corrections. Bhadesar Tehsildar Shiv Singh Chauhan inspected booths 258, 260, 261, 263, 265 and 266 of the Chittorgarh Assembly area and reviewed the progress. CEO, Zila Parishad, Vinay Pathak took a review meeting of BLOs and supervisors of Bari Sadri constituency at Dhamotar.


### Voter Help Camps Made the Process Easier in Urban Areas

Special voter help camps were organised in the urban parts of the city. In Part Numbers 151, 152 and 153 of the Chittorgarh Assembly area, voters of Segwa Housing Board, Tilak Nagar, Vaishali Nagar, Shankar Puram, Ramnagar Kachchi Basti, Balaji Nagar and nearby areas were guided about filling SIR forms, searching names online in the 2002 voter list, registering new voters and submitting forms online.

Trained staff members—Mubarak Khan Deshwali, Gopal Joshi, Manoj Kumar Sansi and Ramniwas—helped many voters on the spot under the supervision of Ghyanshyam Garg, making the revision process easier for the public.

The district election department said that the support received from industrial areas and urban camps has strengthened the pace of the Special Intensive Revision Programme. Such inspections, interactions and help camps will continue so that every eligible voter's name is correctly included in the voter list and the district voter list remains fully updated.

## Aishwarya Rai Bachchan: Once a Bal Vikas student, always a Bal Vikas student



**Mumbai:** Bollywood actress Aishwarya Rai Bachchan, who attended the centenary celebrations of the late spiritual guru Shri Sathya Sai Baba, shared her fond memories of being a part of the Bal Vikas student program funded by the Shri Sathya Sai Baba trust.

The actress, who gave an elaborate speech at the event, spoke about her association with the guru. She told the attendees about her memories of being the Bal Vikas student. The actress shared that the guru's presence, his principles, his teachings, guidance and his compassion continue to reverberate in the hearts of millions worldwide.

She said in her speech, "I stand here today and in all humility and honesty can say that this divine message I have always held deeply close to my heart and put into practice in life. Once a Bal Vikas student, always a Bal Vikas student. Bhagawan Shri Sathya Sai Baba often spoke about the five Ds, five essential qualities needed for a meaningful, purposeful and spiritually anchored life".

She further mentioned, "Discipline is the mark of a true human being. Dedication. Whatever you do, do it as an offering to God. Devotion. True devotion is the flow of love towards God. Once you have chosen the right path, never turn back. And discrimination as in the ability to choose between right and wrong. Truth and untruth. The very heart of spiritual life. Swami once said, 'Education should not be for a living, but it is and should be for life'". Shri Sathya Sai Baba was known for teachings on service, compassion, unity, and establishing global educational and humanitarian institutions. PM Modi, the Chief Minister of Andhra Pradesh, N. Chandrababu Naidu, and legendary cricketer Sachin Tendulkar also attended the centenary celebrations of the guru in Andhra Pradesh on Wednesday.

## US fund withdrawal pushing WHO to slash over 2,000 jobs by June 2026: Report

FAIR REPORT

**New Delhi**. With the US withdrawing funding imposed by the Donald Trump government, the World Health Organization (WHO) is likely to cut down 2,000 jobs or 22 per cent of its global workforce by June 2026, according to a new report on Wednesday. The US, which was the UN health agency's biggest financial backer -- contributing about 18 per cent of its overall funding -- halted all assistance on January 20, following the swearing-in of the new US President. In the wake of the funding cut, the WHO had to scale back its work and cut its management team by half.

From 9,401 in January 2025, the WHO estimates to cut down 2,371 job posts by June 2026. While some are being laid off, others are retiring and departing, as per a Member States Briefing document. "The restructuring has aimed at protecting the core technical capabilities," it said.

At the WHO's Geneva office, the workforce will be cut by 28 per cent. Region-wise, the headcount in the Africa Region is expected to decrease by 25 per cent, while the Southeast Asia and Eastern Mediterranean regions will each see a decrease of 14 per cent.

Further, the European region will slash 24 per cent, and the Western Pacific is expected to decrease its workforce by 7 per cent.Notably, the numbers do not include the many temporary staff or consultants, who, as per reports, have been made redundant.

The WHO had, in August, informed that hundreds of staff had departed; it was the first time that the UN health agency had given the full scale of the expected change to its global workforce. Moreover, the document also showed that the Geneva-based body has a $1.06 billion funding gap in its 2026-2027 budget. This is nearly a quarter of the total required, down from an estimated gap of $1.7 billion in May. The 2026 workforce at WHO will also be slightly younger -- 51 per cent of staff will be aged 30-49, as compared to 49 per cent in the past. The report also cited significant new savings in travel and procurement costs in 2025 -- a 50 per cent reduction in travel costs as of the end of October.

## Samrat Choudhary elected Bihar BJP legislative party leader



FAIR REPORT

**Patna:** In a major political development ahead of the government formation in Bihar, the BJP picked Samrat Chaudhary as its state legislative leader and Vijay Kumar Sinha as the deputy leader. Earlier, the JD(U) had unanimously elected Nitish Kumar as its legislative party leader. With both key decisions now finalised, sources confirm that Nitish Kumar will take over as Chief Minister, while Samrat Chaudhary and Vijay Sinha are set to return as the Deputy Chief Ministers. This also puts an end to weeks of speculation over whether the BJP would change its deputy CM faces this time. Political observers say the BJP leadership has once again shown trust in its two senior leaders. Samrat Chaudhary, after being elected legislative party leader, expressed gratitude towards party leaders and MLAs, stating that the BJP would strive to live up to the expectations of the people.

## Kerala Police recommend NIA probe into ISIS recruitment of 16-year-old boy

FAIR REPORT



**Thiruvananthapuram.** In a significant development, Kerala Police Chief Ravada Chandrasekhar has recommended to the state government that the case involving alleged attempts to recruit a 16-year-old boy into ISIS be handed over to the National Investigation Agency (NIA). The state police chief has formally sought the state government's approval to transfer the investigation, citing the gravity of the allegations and the case's national security implications. The case, currently investigated under provisions of the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA), was initially registered at Venjaramoodu Police Station in the state capital district. According to the complaint, the woman -- originally from Pathanamthitta -- and her second husband from Vembayam had converted to another religion after marriage and later attempted to indoctrinate her son from her first marriage. Presently, the couple are based here, and the police have registered a case under UAPA against them.

The investigation is presently led by the Attingal Deputy Superintendent of Police. With the case falling under anti-terror laws and having potential cross-border elements -- including suspected ideological indoctrination via propaganda videos -- the police chief has asserted that a specialised national agency is better positioned to probe the matter comprehensively. Given the seriousness of the allegations, the NIA has already begun a preliminary inquiry. The move indicates the seriousness with which state law enforcement is treating the incident, which is being viewed as a rare case involving attempted terror recruitment within a family environment.


Once the state government grants approval, the case is expected to be formally transferred to the NIA for deeper investigation, including the possible digital, international, and ideological links involved.

The teenager, who reportedly escaped from a religious study center where he was allegedly being influenced, is currently under the protection of his biological father's relatives.

# Sanwaliya Ji Temple Opens Donation Boxes After Two Months: ₹12.35 Crore Counted on First Day

FAIR REPORT





**Chittorgarh.**The famous Krishna shrine of Mewar, Shri Sanwaliya Ji Temple, opened its donation boxes on Wednesday after almost two months. For the first time, the counting was not done in the main temple area but in the Satsang Hall. After the Rajbhog Aarti at 11 AM, the counting started and continued till evening. According to the temple administration, due to Diwali and festival activities, the donation boxes were not opened for the last two months, which increased the amount collected this time.

### ₹12.35 crore counted on the first day

On the first day, 12 crore 35 lakh was counted from the donation boxes. Seeing the heavy rush of devotees and increased donations, the administration made the counting process more systematic this time. A big team worked in the Satsang Hall with proper security arrangements. The staff worked throughout the day to complete the counting safely. Officials said that many donation boxes are still left to be counted, so the process will continue on Thursday as well. They expect that the total amount may be much higher than last time, as the boxes were opened after a long gap of two months. The entire area is under CCTV surveillance with strict security.

### More devotees donating every year

Sanwaliya Ji Temple is one of the most important religious places of Mewar, where thousands of devotees visit daily. On festivals, the crowd increases many times. The administration said that donation numbers have gone up in the last few years, and every time the boxes are opened, the amount reaches crores. Due to increasing faith, the temple facilities are also being improved.

**Delay due to Diwali**

The temple management said that as per the old tradition, donation boxes are not opened during Diwali days. Because of this, the boxes were opened after two months this time.

**Counting in Satsang Hall for the first time**

For the first time, the Satsang Hall was used for the counting process. It provided better seating, security and arrangement facilities. Devotees visiting the temple also faced no disturbance during the counting.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**